एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 20.12.2017

**स्वच्छ भारत अभियान** **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

**भिलाईनगर/** अमृत मिशन योजना के तहत् चल रहे टंकी निर्माण कार्य में लगे मजदुरों को सुरक्षा के सामग्री बुट, हेलमेट, वर्दी, सेप्टी बेल्ट प्रदान नहीं किये जाने के कारण संबंधित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को महापौर देवेन्द्र यादव ने कार्य स्थल पर कड़ी फटकार लगाई और जलकार्य के प्रभारी अभियंता को इस लापरवाही के लिए ठेकेदार को नोटिस जारी कर दंडित करने के निर्देश दिये।

भिलाई के गोठ कार्यक्रम के अंतर्गत महापौर देवेन्द्र यादव और महापौर परिषद के सदस्य केशव बंछोर बुधवार को प्रातः 10 बजे वार्ड 42 नेवई भाठा, 43 स्टेशन मरोदा पहुंचे वार्ड के नागरिकों के साथ वार्ड पार्षद नरेश कोठारी, गोविन्द चतुर्वेदी ने महापौर का स्वागत किया दुर्गा पंडाल नेवई में महापौर ने चौपाल लगाकर वार्ड की समस्याओं से अवगत् हुए। नागरिकों ने महापौर को जानकारी देते हुए बताया कि घर-घर बनाये गये शौचालय का निर्माण अधुरा कर छोड़ दिया गया है जिसमें दरवाज नहीं होने के कारण इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं जिसपर श्री यादव ने संबंधित जोन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शौचालय निर्माण कार्य में लगे अभियंता हिमांशु कावड़े के विरुद्ध नोटिस जारी करें।

शासकीय प्राथमिक शाला नेवई में बनाये गये प्रसाधन कक्ष जो काफी जर्जर स्थिति में पहुंच गया है जिसका संधारण किये जाने की मांग शाला के प्रधान पाठिका एवं शाला की बालिकाओं द्वारा किया गया। महापौर ने जानकारी देते हुए बताया कि शाला में बनाये गये बालक-बालिका के प्रसाधन कक्ष का संधारण करने के लिए प्रस्ताव तैयार कर संधारण कार्य का निविदा आमंत्रित किया गया है कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जायेगा। नेवई भाठा में स्थित तालाब का सौन्दर्यीकरण एवं घाट निर्माण की मांग करते हुए नागरिकों ने तालाब के आसपास हुए अवैध निर्माण को हटाने तथा तालाब में डाले जा रहे द्रुषित जल को राकने की मांग की। महापौर ने जोन आयुक्त को तालाब का मांग के अनुसार प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। साथ ही नागरिकों ने राशन कार्ड बनाने, नाम जोड़ने, हितग्राही मूलक पेंशन, विकलांग प्रमाण-पत्र बनाने, आधार कार्ड, स्मार्ट कार्ड बनाने हेतु विशेष पहल करने की बात कही। महापौर ने लोगो को जानकारी देते हुए बताया कि अब सफाई संबंधी किसी भी शिकायत के लिए आप लोगो को निगम के दरवाजे तक जाने के लिए आवश्यकता नहीं हैं आप अपने मोबाईल से स्वच्छता ऐप्प डाउनलोड करके इसकी शिकायत कर सकते हैं और महापौर ने उपस्थित लोगो को स्वच्छता ऐप्प डाउनलोड करवाया।

भ्रमण में महापौर के साथ पूर्व पार्षद मुकुंद भाउ, रमेश शर्मा, रामकुमार चौधरी, वरुण, संजय यादव, निगम के अधिकारी बी.के. देवांगन, टी.के. राणदिवे, प्रकृति जगताप, डिलेश्वरी देशमुख, हिमांशु कावड़े, पुरषोत्तम सिन्हा, गोपाल सिन्हा, जगन्नाथ कुशवाहा, रामायण सिंह आदि उपस्थित थें।

**जन सम्पर्क विभाग**